# पटेल के विराट व्यक्तित्व में अनेक गुण थे समाहित

**127** वीं बार राष्ट्र को मोदी ने किया संबोधित | **150** वीं सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी में भाग लें देशवासी | **31** अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती

**नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्त देशवासियों से 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम रन फॉर यूनिटी में भाग लेने की अपील की है. प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 127 वीं कड़ी में अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक काल में राष्ट्र की सबसे महान विभूतियों में से एक सरदार पटेल की 150वीं जयंती का दिन पूरे देश के लिए एक बहुत विशेष अवसर है. उनके विराट व्यक्तित्व में अनेक गुण एक साथ समाहित थे.**

मोदी ने कहा वह एक अत्यंत प्रतिभाशाली छात्र थे जिन्होंने भारत और ब्रिटेन में अपनी पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन किया. वह अपने समय के सबसे सफल वकीलों में से भी एक थे.



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 127वें संस्करण में आदिवासी योद्धाओं को याद किया. उन्होंने कहा कि निजाम और अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ कोमारम भीम और बिरसा मुंडा ने न केवल आदिवासियों की रक्षा की, बल्कि उन्हें स्वतंत्रता और सम्मान दिलाने का अद्वितीय उदाहरण पेश किया.
- 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा, जो बिरसा मुंडा की जयंती पर पड़ता है. पीएम मोदी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे इन महान विभूतियों के जीवन और संघर्ष के बारे में अधिक जानें.

पटेल वकालत में और नाम कमा सकते थे, लेकिन महात्मा गांधी से प्रेरित होकर उन्होंने खुद को स्वतंत्रता आंदोलन में पूरी तरह समर्पित कर दिया. मोदी ने कहा कि सरदार पटेल के खेड़ा सत्याग्रह से लेकर बोरसद सत्याग्रह तक अनेक आंदोलनों में उनके योगदान को आज भी याद किया जाता है.

### सोशल मीडिया संस्कृत को दे रहा है नयी प्राणवायु : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संस्कृत लिखना पढ़ना सिखाया जा रहा है और इसके प्रति युवाओं में दिख रहे उत्साह को देखते हुए कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया संस्कृत को नयी प्राणवायु दे रहा है. मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 127वीं कड़ी में कहा संस्कृत का नाम सुनते ही हमारे मन मस्तिष्क में आता है -हमारे धर्मग्रंथ, वेद, उपनिषद, पुराण, शास्त्र, प्राचीन ज्ञान-विज्ञान, अध्यात्म और दर्शन. लेकिन एक समय, इन सबके साथ-साथ संस्कृत बातचीत की भी भाषा थी. उस युग में अध्ययन और शोध संस्कृत में ही किये जाते थे. नाट्य मंचन भी संस्कृत में होते थे. लेकिन दुर्भाग्य से गुलामी के कालखंड में भी और आजादी के बाद भी संस्कृत लगातार उपेक्षा का शिकार हुई. इस वजह से युवा-पीी?यों में संस्कृत के प्रति आकर्षण भी कम होता चला गया. लेकिन साथियो, अब समय बदल रहा है, तो संस्कृत का भी समय बदल रहा है. उन्होने कहा संस्कृति और सोशल मीडिया की दुनिया ने संस्कृत को नयी प्राणवायु दे दी है. इन दिनों कई युवा संस्कृत को लेकर बहुत रोचक काम कर रहे हैं. आप सोशल मीडिया पर जाएंगे तो आपको ऐसी कई रील्स दिखेगी जहां कई युवा संस्कृत में और संस्कृत के बारे में बात करते दिखायी देंगे.

# यमुना के पानी पर सियासी संग्राम

- फजीवाड़े के सारे रिकॉर्ड टूटे केजरीवाल ने साधा निशाना
- पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने केंद्र पर बोला हमला

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर. दिल्ली की राजनीति एक बार फिर गरम हो गई है. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार और दिल्ली प्रशासन पर तीखा हमला बोला है. एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए यमुना नदी को फ़िल्टर कर नकली यमुना तैयार की गई, जबकि दिल्ली के गरीबों को अब भी मलयुक्त, प्रदूषित पानी पीने को मजबूर किया जा रहा है.दिल्ली में यमुना नदी को लेकर सियासत एक बार फिर गर्म हो गई है.**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्टीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने



एक्स पर एक पोस्ट कर केंद्र सरकार और दिल्ली प्रशासन को आड़े हाथों लिया है. उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा—फ़र्ज़ीवाड़े के सभी रिकॉर्ड टूटे. पीएम के लिए फ़िल्टर पानी वाली नकली यमुना बनाई गई है, मगर गरीब दिल्लीवासियों के लिए मलयुक्त यमुना छोड़ी गई है.

यह बयान उस समय आया है जब हाल ही में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कार्यक्रम के दौरान यमुना नदी के किनारे विशेष तौर पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया था. बताया गया कि कार्यक्रम स्थल के पास नदी के पानी को फ़िल्टर कर 'साफ़ यमुना' का आभास दिया गया.


केजरीवाल ने आप नेता सौरभ भारद्वाज के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए कहा कि यह सिर्फ दिखावे की राजनीति है. भारद्वाज ने अपने ट्वीट में लिखा था कि जहां प्रधानमंत्री का कार्यक्रम था, वहां के लिए पानी को साफ़ दिखाने के लिए विशेष तकनीक काआप नेताओं का कहना है कि यह कदम जनता को गुमराह करने का प्रयास है.

उधर, बीजेपी नेताओं ने केजरीवाल के बयान को राजनीतिक ड्रामा बताया है. पार्टी प्रवक्ताओं का कहना है कि केजरीवाल खुद आठ साल तक मुख्यमंत्री रहे, लेकिन यमुना की हालत सुधारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए. यमुना की सफाई को लेकर यह नया विवाद दिल्ली की सियासत में एक और ताज़ा मोड़ बन गया है — जहां एक ओर दिखावे के आरोप हैं, वहीं दूसरी ओर जवाब में विफलताओं की याद दिलाई जा रही है.

# कनाडा पर 10% अतिरिक्त शुल्क की दी धमकी

**न्यूयॉर्क, 26 अक्टूबर. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह एक आयात शुल्क विरोधी टीवी विज्ञापन के कारण कनाडा से आने वाले सामानों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत आयात शुल्क बढ़ाने की योजना बना रहे हैं.**

गौरतलब है कि कनाडा के ओंटारियो प्रांत में प्रसारित इस विज्ञापन में पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन अमेरिकी आयात शुल्क की आलोचना करते हुए दिखाई दे रहे हैं. ट्रम्प ने शनिवार को इस विज्ञापन पर भ्रामक होने का आरोप लगाया. इससे पहले उन्होंने गुरुवार को कनाडा के साथ व्यापार वार्ता समाप्त करने की धमकी दी थी. ट्रम्प ने एयर फोर्स वन विमान से मलेशिया के लिए रवाना होते समय अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई के कारण मैं कनाडा पर आयात शुल्क में 10 प्रतिशत की वृद्धि करने जा रहा हूं.



**उन्होंने कहा,** उनका विज्ञापन तुरंत हटाया जाना था, लेकिन उन्होंने कल रात वर्ल्ड सीरीज़ के दौरान इसे चलने दिया, यह जानते हुए भी कि यह एक धोखाधड़ी है. मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ओंटारियो प्रांत के प्रमुख डग फोर्ड ने कहा कि वह सप्ताहांत के बाद शुक्रवार रात वर्ल्ड सीरीज के पहले मैच के दौरान प्रसारित होने वाले इस विज्ञापन को रोक देंगे. उल्लेखनीय है कि विश्व सीरीज उत्तरी अमेरिका में मेजर लीग बेसबॉल की वार्षिक चैम्पियनशिप श्रृंखला है, जो 1903 से अमेरिकन लीग के चैंपियन और नेशनल लीग के चैंपियन के बीच आयोजित की जाती है.

## पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को खुली जंग के लिए धमकाया

**नयी दिल्ली.** अफगानिस्तान और पाकिस्तान में आपसी मतभेद सुलझाने के लिए बातचीत का नया दौर इस्तांबुल में शुरू हुआ. इस बैठक से पहले ही पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को खुली जंग में उतरने की धमकी ही दे डाली. गौरतलब है कि इससे पहले दोनों देश दोहा वार्ता कर चुके हैं और तब संघर्ष विराम का ऐलान कर दिया गया था. लेकिन पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पाक-अफगान वार्ता विफल होने पर खुले युद्ध की चेतावनी दी है. उन्होंने धमकी भरे अंदाज में कहा, अगर मामले नहीं सुलझे, तो हमारी तुम्हारी खुली जंग है.

# यह आत्महत्या नहीं, संस्थागत हत्या है : राहुल

**नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर. महाराष्ट्र के सतारा जिले में एक महिला डॉक्टर की आत्महत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है. इस दर्दनाक घटना पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा सरकार और तंत्र पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों के गठजोड़ का परिणाम है.**

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि एक होनहार डॉक्टर बेटी, जो लोगों का दर्द मिटाने की आकांक्षा रखती थी, भ्रष्ट सत्ता के संरक्षण में चल रहे आपराधिक विचारों की शिकार बन गई. उन्होंने कहा कि जब सत्ता



'भ्रष्ट तंत्र और अपराधियों का गठजोड़ जिम्मेदार'

न्याय की लड़ाई में मजबूती से खड़े रहने का संकल्प

अपराधियों की ढाल बन जाए तो न्याय की उम्मीद किससे की जाए. राहुल ने पीड़ित परिवार के साथ न्याय की इस लड़ाई में मजबूती से खड़े रहने का संकल्प भी जताया. महाराष्ट्र के सतारा जिले के फलटण में जिला उप-अस्पताल में कार्यरत एक महिला डॉक्टर की आत्महत्या ने पूरे राज्य की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. इस घटना को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला है.

### डॉक्टर आत्महत्या मामले में पुलिस उप निरीक्षक गिरफ्तार

**सतारा.** महाराष्ट्र में सतारा के फलटण में एक महिला डॉक्टर की आत्महत्या मामले में पुलिस ने आरोपी पुलिस उप-निरीक्षक गोपाल बदाने को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डॉक्टर की मौत के बाद से बदाने फरार था, लेकिन कथित तौर पर उसने कल देर रात फलटण ग्रामीण पुलिस स्टेशन में आत्मसमर्पण कर दिया. उसे फलटण सिटी पुलिस को सौंप दिया गया और उप-जिला अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया. उन्होंने बताया कि बदाने पर महिला डॉक्टर का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है, जिस पर कथित तौर पर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हेरफेर करने का भारी दबाव था. आत्महत्या करने से पहले डॉक्टर ने अपने हाथ पर गोपाल बदाने और पुलिस कांस्टेबल प्रशांत बनकर का नाम लिखा था.

# दो को भारी रॉकेट का प्रक्षेपण

**चेन्नई, 26 अक्टूबर. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज कहा कि दो नवंबर को भारी रॉकेट एलवीएम-3 से देश की नौसेना के लिए संचार उपग्रह जीएसएटी-7आर का प्रक्षेपण किया जायेगा.**

इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने गुरुवार को मीडिया को संबोधित करते हुये घोषणा की थी कि भारत का एलवीएम -3 रॉकेट नवंबर की शुरुआत में जीसैट-7आर संचार उपग्रह को प्रक्षेपित करेगा.

यह जीएसएटी-7आर या सीएमएस-03 उपग्रह 4.4 टन वजनी है जो 2.65 टन के जीएसएटी-7 या रुक्मिणी की जगह लेगा जिसे 2013 में एरियन स्पेस के रॉकेट एरियन से प्रक्षेपित किया गया था. इसरो ने कहा कि सीएमएस -03 एक मल्टी-बैंड संचार उपग्रह है जो भारतीय भूभाग सहित एक बड़े समुद्री क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेगा.

यह भारतीय क्षेत्र से जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में प्रक्षेपित किया जाने वाला सबसे भारी संचार उपग्रह होगा. इसे ले जाने वाले एलवीएम-3 एम5 हेवी लिफ्ट लॉन्च व्हीकल की यह पांचवीं ऑपरेशनल उड़ान होगी. एलवीएम 3 के पिछले मिशन ने चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था.

# रिद्धापुर बनेगा मराठी विश्वविद्यालय

**नासिक, 25 अक्टूबर. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को ऐलान करते हुए कहा कि मराठी भाषा को जीवित रखने के लिए तीर्थस्थल रिद्धपुर के योगदान को ध्यान में रखते हुए, वहां मराठी भाषा विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है और अब इस विश्वविद्यालय को विश्व प्रसिद्ध बनाने के प्रयास किए जाएंगे.**

यहां आयोजित अखिल भारतीय महानुभाव परिषद के 38वें अधिवेशन में बोलते हुए श्री फडणवीस ने कहा कि सर्वज्ञ चक्रधर स्वामी ने देश के आम लोगों को आध्यात्मिक दिशा देने के साथ ही समाज में समानता की स्थापना का विचार प्रस्तुत किया



था. यह समानता का विचार आज भी राज्य और देश दोनों के लिए प्रासंगिक है. मुख्यमंत्री ने कहा कि चक्रधर स्वामी ने महानुभाव विचारधारा के साथ मराठी भाषा को अपने साहित्य से समृद्ध किया और उसे एक श्रेष्ठ भाषा के रूप में स्थापित करने का कार्य किया. उस काल का साहित्य महाराष्ट्र के भूगोल, इतिहास और संस्कृति की समृद्ध जानकारी देता है. तथा सांस्कृतिक प्रगति का एक अमूल्य भंडार है.

## आज का इतिहास

- 1676- पोलैंड और तुर्की ने वारसा की संधि पर हस्ताक्षर किए.
- 1795- अमेरिका और स्पेन ने सैन लोरेंजो की संधि पर हस्ताक्षर किए.
- 1806- फ्रांस की सेना बर्लिन में घुसी.
- 1811- सिलाई मशीन का आविष्कारक आइजैक मेरिट सिंगर का जन्म.
- 1920- भारत के पूर्व पति के. आर. नारायणन का जन्म.
- 1959- पश्चिमी मेक्सिको में चक्रवाती तूफान से कम से कम 2000 लोग मरे.

# पहले चरण में 17 मंत्री लड़ेंगे चुनाव, प्रतिष्ठा दांव पर

## नीतीश सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री विधानसभा की लड़ाई में

**पटना, 26 अक्टूबर. बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण नजदीक है और इस बार की लड़ाई में सरकार के 17 मंत्री मैदान में हैं. इनमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा जैसी प्रमुख हस्तियां शामिल हैं, जिनकी राजनीतिक प्रतिष्ठा इस चुनाव में दांव पर है.**

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर चुनावी बिसात बिछी हुई है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार के 17 मंत्री इस चरण में अपनी सीटों की रक्षा और राजनीतिक दबदबा बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. इनमें 11 मंत्री भारतीय जनता पार्टी और छह मंत्री जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कोटे



से मैदान में हैं. भारतीय जनता पार्टी के कोटे से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुंगेर जिले की तारापुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि दूसरे उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय से अपने रिकॉर्ड को कायम रखने की कोशिश में हैं. श्री सिन्हा इस सीट पर 2005, 2010, 2015 और 2020 में जीत दर्ज कर चुके हैं. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे पहली बार सीवान से चुनावी समर में उतर रहे हैं. मंत्री नितिन नवीन पटना के बांकीपुर से तीसरी जीत का लक्ष्य साध रहे हैं. राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी दरभंगा से पांचवीं जीत के प्रयास में हैं. पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी से, पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह साहेबगंज से और खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता बछवाड़ा से मैदान में हैं. नगर विकास एवं आवास मंत्री जाले सीट से, पर्यावरण मंत्री सुनील कुमार बिहारशरीफ से चुनावी हैट्रिक लगाने की कोशिश करेंगे. जदयू के कोटे से ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार नालंदा से लगातार आठवीं जीत की तलाश में हैं. वरिष्ठ मंत्री विजय कुमार चौधरी सरायरंजन से लगातार चौथी जीत का प्रयास करेंगे.

सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी कल्याणपुर से, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार भोरे से और मद्य निषेध उत्पाद मंत्री रत्नेश सदा सोनबर्षा से चुनाव लड़ रहे हैं. समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी बहादुरपुर से मैदान में हैं. राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इस चरण में मंत्री वर्ग की हार या जीत पूरे चुनावी परिदृश्य को प्रभावित कर सकती है. इसलिए पहले चरण के नतीजे न केवल सीटों की संख्या बल्कि सरकार की मजबूती का भी संकेत देंगे.

### राज्य की संपति पर कब्जा करने की साज़िश कर रही राजद

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव पर तीखा प्रहार किया और कहा कि 'नौकरी के बदले जमीन योजना' का जो दावा श्री यादव कर रहे हैं, वह वास्तव में बिहार की जनता को ठगने और राज्य की संपत्ति पर कब्जा करने की साज़िश है. इससे पूरे बिहार की जमीन पर लालू परिवार का कब्जा हो जाएगा. मौर्य ने बिहार विधानसभा चुनाव के बीच रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, यादव के मुताबिक़ उनकी सरकार बनने पर नौकरी के बदले जमीन योजना के तहत हर एक घर से अगर एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाएगी, तब तो पूरे बिहार की सारी ज़मीन पर बैनामा उनके परिवार का हो जाएगा. गौरतलब है कि जमीन के बदले नौकरी घोटाला 2004-2009 के बीच का है और उस समय श्री लालू प्रसाद यादव संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार में रेल मंत्री थे. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अनुसार, इस दौरान रेलवे में ग्रुप डी की नौकरियों के बदले में उम्मीदवारों से उनकी जमीन या संपत्ति को कम कीमत पर लालू परिवार के नाम करवाया गया था.



# देश की स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत

**नयी दिल्ली/गाजियाबाद 26 अक्टूबर.रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की स्वास्थ्य व्यवस्था ने नया रूप लिया है और नये सरकारी कार्यक्रमों की सहायता से अब गरीबों को भी अच्छी चिकित्सा सुविधाएं मिलने लगी है.**

सिंह यहां यशोदा मेडीसिटी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे. दिल्ली सीमा के पास गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में इस अत्याधुनिक चिकित्सा परिसर का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे. रक्षा मंत्री ने कहा,



पहले जहां कोई गरीब चिकित्सा की जरूरत पैदा होने पर चिंतित हो जाता था कि वह इलाज कैसे कराये, वहीं अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने यह सुनिश्चित किया है कि भारत का कोई गरीब किसी भी बीमारी के कारण अपने जीवन की उम्मीद न खोए.

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत देश के 10 करोड़ परिवारों को हर वर्ष पांच लाख रूपए के स्वास्थ्य बीमा का कवच प्रदान किया गया है.

अब 70 वर्ष से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना में शामिल किया गया है. ताकि जीवन के उस पड़ाव में जब देखभाल की सबसे अधिक आवश्यकता होती है तब सरकार एक संरक्षक के रूप में उसके साथ खड़ी रहे. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों के माध्यम से आम जनता को अत्यंत किफायती दर पर जेनरिक मेडिसिन उपलब्ध कराई जा रही हैं.

# गढ़मुक्तेश्वर मेला बनेगा श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक : योगी



**लखनऊ/गढ़मुक्तेश्वर 26 अक्टूबर. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक गढ़मुक्तेश्वर में आयोजित होने वाले वार्षिक कार्तिक पूर्णिमा मेले और अमरोहा के तिगरी मेले की तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि गढ़मुक्तेश्वर मेला बनेगा श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक बनेगा.**

योगी ने मेला स्थल का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद समीक्षा बैठक में कहा कि इस अवसर पर हर वर्ष लगभग 40 से 45 लाख श्रद्धालु गंगा तट पर स्नान और दीपदान के लिए पहुँचते हैं, इसलिए सभी व्यवस्थाएँ समयबद्ध और समन्वित हों ,ताकि किसी को असुविधा न हो. उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है. इसके लिए गंगा घाटों पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की तैनाती, रेस्क्यू बोट, सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन कैमरे और हेल्पलाइन केंद्र की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए.

**छठ पर्व** | गंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों के साथ- साथ तालाबों और पार्कों में भी श्रद्धालु सूर्य उपासना करेंगे

# पटना जिला प्रशासन ने 550 घाटों पर की विशेष व्यवस्था

**पटना, 26 अक्टूबर.लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पटना जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं.गंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों के साथ- साथ तालाबों और पार्कों में भी श्रद्धालु सूर्य उपासना करेंगे. प्रशासन के अनुसार, पटना जिले में लगभग 550 घाटों पर छठव्रतियों द्वारा पूजा- अर्चना की जायेगी.**

पटना नगर निगम क्षेत्र में ही गंगा तट के 102 घाट (45 पार्क और 63 तालाब) को छठ पूजा के लिये चिन्हित किया गया है. सभी



घाटों पर अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अनुश्रवण में नागरिक सुविधायें उपलब्ध कराई गई हैं. भीड़- प्रबंधन और सुरक्षा के लिये जिला प्रशासन ने विशेष बंदोबस्त किये हैं. जिला स्तर से 205 स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है.

### जेलों में छठ महापर्व की भक्ति, 56 बंदी कर रहे व्रत

**रांची.** झारखंड की सभी जेलों में इस साल भी छठ महापर्व की विशेष तैयारियां की गई हैं. जेलों में व्रत करने वाले बंदियों के लिए पूजा सामग्री और अर्घ्य की व्यवस्था जेल प्रबंधन की ओर से की गई है. राज्य भर के कारागारों में छठ की भक्ति में बंदी डूबे हुए हैं, जहां पुरुष बंदियों की संख्या महिलाओं से ज्यादा है. झारखंड कारा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की विभिन्न जेलों में कुल 25 महिला और 31 पुरुष बंदी इस वर्ष छठ का व्रत कर रहे हैं. रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में सबसे अधिक 08 महिला और 08 पुरुष बंदी आराधना में लीन हैं. इनके लिए विशेष रूप से पूजन सामग्री उपलब्ध कराई गई है और अर्घ्य देने की व्यवस्था की गई है. इसी तरह केंद्रीय कारा दुमका में 02 महिलाएं, हजारीबाग के लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में 05 महिला और 07 पुरुष, जबकि पलामू में 04 महिला और 06 पुरुष बंदी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना कर रहे हैं.

## नोएडा पुलिस ने जब्त की गई 312 लीटर शराब की नष्ट

**नोएडा.** उत्तर प्रदेश के नोएडा फेस टू थाना पुलिस की ओर से एक वर्ष के अंतराल में थाना क्षेत्र से जब्त की गई 312 लीटर शराब रविवार दोपहर को नष्ट कराई गई. गौरतलब है कि गौतमबुद्धनगर के तीन जोन थानों में से सेंट्रल नोएडा स्थित नोएडा फेस टू थाना पुलिस द्वारा पकड़ी गई आबकारी अधिनियम के अंतर्गत थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री, तस्करी की जाने के प्रकरण में 35 मुकदमे दर्ज किए गए थे जिनसे 312 लीटर अवैध शराब की बरामदगी हुई थी. इस बीच गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नर द्वारा निर्देशानुसार चलाए जा रहे निरस्तीकरण अभियान की कार्रवाई करते हुए संबंधित थाना क्षेत्रांतर्गत पकड़ी गई.

# दिल्ली हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी का भंडाफोड़

**नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर. दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने एक त्वरित कार्रवाई करते हुए एक यात्री से 170 ग्राम सोना ज़ब्त किया है. यह कार्रवाई एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-996 से दुबई से आए एक भारतीय यात्री के खिलाफ की गई.**

सूत्रों के अनुसार, अधिकारी विमान के गेट से ही यात्री का पीछा कर रहे थे. जब वह ग्रीन चैनल से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, तो उसे रोक लिया गया. उसके सामान के एक्स-रे स्कैन के दौरान, एक संदिग्ध छवि दिखाई देने पर गहन तलाशी ली गई. जांच में पता चला कि यात्री ने प्लास्टिक की पानी की बोतल के ढक्कन के नीचे एक गोल सोने की डिस्क को बड़ी ही चतुराई से छिपा रखा था. तौलने पर सोना लगभग 170 ग्राम निकला. अधिकारियों ने बताया कि यात्री से पूछताछ जारी है और ज़ब्त किए गए सोने की कीमत का आकलन किया जा रहा है. प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि मामला सोने की तस्करी के एक गिरोह से जुड़ा है. सीमा शुल्क विभाग ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है.